लौह पुरुष का योगदान याद रखा जाएगा

सांसद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

भोपाल, 13 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी के भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने गुरुवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भोपाल-सीहोर लोकसभा की यूनिटी मार्च पदयात्रा के समापन अवसर पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

पदयात्रा सीहोर के शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान (भोपाल नाका) से शुरू हुई. इसके पूर्व सांसद शर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया.

पदयात्रा में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सीताराम यादव, भाजपा नेता सन्नी महाजन, राजकुमार गुप्ता, सुदीप प्रजापति सहित कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, शामिल रहे. सांसद शर्मा ने कहा सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं. उनके महान योगदान को देश में सदा याद रखा जाएगा.

सीईओ कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित

भोपाल. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा के निर्देश पर प्रदेश के मतदाताओं को एसआईआर में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन भोपाल में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है. साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर तथा ईआरओ कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क पर आने वाले मतदाताओं को सही मार्गदर्शन एवं पूरा सहयोग किया जाना सुनिश्चित करें जिससे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता से पूरा किया जा सके.

85 फीसदी मतदाताओं को सौंपे गणना पत्रक

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 13 नवंबर.मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य सुचारु रूप से जारी है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनिरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है.

इसके तहत प्रदेश में 100 फीसदी एन्युमरेशन फॉर्म प्रिंट होकर सभी 55 जिलों में पहुंचाए जा चुके है. 13 नवंबर की स्थिति में प्रदेश में लगभग 85 फीसदी मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है.

सतना, सीधी, बुरहानपुर, नीमच, अशोक नगर, पांढुर्णा और पन्ना जिले में लगभग सभी मतदाताओं को फार्म का वितरण भी किया जा चुका हैं.

यहाँ पर देख सकते है वर्ष 2003 के एसआईआर की मतदाता सूचीः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट एवं भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मप्र की वर्ष 2003 की एसआईआर की मतदाता सूची को मतदाता देख सकते हैं . कोई भी मतदाता वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अथवा अपने परिजनों की जानकारी प्राप्त कर सकते है. इसके साथ ही प्रदेश के सभी मतदाता जिनका नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें गणना पत्रक दिया जा रहा है. मतदाता ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से तथा ऑनलाइन वोटर पोर्टल के माध्यम से भी गणना फॉर्म भर सकता है.

प्रदेश में 65 हजार से अधिक बीएलओ कार्यरत

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र झा ने बताया कि प्रदेश में 65 हजार 14 मतदान केंद्र है. सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ कार्यरत है. 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का वितरण किया जा रहा है. प्रदेश में 5 करो? 74 लाख 6 हजार 113 मतदाता दर्ज है. सभी बीएलओ के पास वर्ष 2003 की मतदाता सूची की प्रति भी उपलब्ध है.

अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है स्वदेशी

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 13 नवम्बर. स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला भोपाल में महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को समर्पित मातृशक्ति उद्यमी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जहां आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान किया गया.

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया. सम्मान पाने वालों में डॉ. सीमा सक्सेना, शालिनी गुप्ता, प्रतिभा कुलश्रेष्ठ, रेणु नायक, नित्या तलरेजा और एकता मनीष सैनानी शामिल रहीं. इन सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला स्वावलंबन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान दिया है.कार्यक्रम की प्रभारी दीपा शर्मा रहीं, जबकि संचालन एवं संयोजन में सीमा भारद्वाज, प्रतिभा शुक्ला, अंशिका सोनी, संध्या अग्रवाल, आशा साहू, प्रीति सक्सेना, माया सहित कई बहनों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

युवा उत्सव में छाया देशभक्ति का रंग

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में युवा उत्सव का दूसरा दिन

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 13 नवम्बर. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित युवा उत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को कैंपस देशभक्ति और सांस्कृतिक उमंग से सराबोर रहा. इस अवसर पर एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, समूह गायन भारतीय और पाश्चात्य, रंगोली, पोस्टर, कोलाज, वक्रता तथा वाद विवाद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

प्रतिभागियों ने मेरे वतन हमको तेरी कसम, जा लुटा देंगे हम कर कम में देंगे तू ही मेरा सनम, वंदे मातरम जैसे गीतों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया. एकल गायन में भी युवाओं ने दुश्मनी की तो क्या पूछिए दोस्त का भरोसा नहीं और लडियों ना सासू मां तुम यारों कर लो वारी जाऊं रे जैसे गीतों से दर्शकों की तालियां बटोरीं.

वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय युवाओं का विदेश पलायन देश की हानि रहा. इसमें प्रतिभागियों ने तर्क और उदाहरणों के माध्यम से अपने विचार पक्ष और विपक्ष में प्रस्तुत किए. रंगोली और कोलाज प्रतियोगिता का विषय भारतीय संस्कृति जबकि पोस्टर प्रतियोगिता का विषय भारतीय संविधान रखा गया. कार्यक्रम में कुलगुरु प्रोफेसर एस के जैन ने उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री महेश श्रीमती उर्मिला महेश दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10380312)	पटवारी हल्का संख्या 19, खसरा संख्या 168, देकचूहा, कसाली, सागर, मध्य प्रदेश, 470235 - भारत स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल। संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00, 280.00, 350.00	रु.213835/- दो लाख तेरह हजार आठ सौ पैंतीस मात्र	07-08-2025	11/11/2025
श्री विशन सिंह दांगी जी भगवान सिंह श्रीमती रश्मी ठाकुर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10497413)	पटवारी हल्का नंबर 26 वाली संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, प्लॉट नंबर 34, खसरा नंबर 94, ग्राम बम्होरी दुर्जन, ग्राम पंचायत महादेव खेड़ी, तहसील बीना, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470113, भारत क्षेत्रफल का माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, बिल्ट्अपएरिया, कारपेट्एरिया संपत्ति क्षेत्रः 1571.00, 1200.00, 960.00	रु. 347272/- तीन लाख सैंतालीस हजार दो सौ बहत्तर मात्र	08-08-2025	10/11/2025
श्री वनवारी धाकड़ श्रीमती नमस्ते बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10513953)	पटवारी हलका संख्या 57, खसरा संख्या 373, ग्राम धननखेड़ी, तहसील बमोरी, जिला गुना, मध्य प्रदेश, 473105, भारत की संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 600.00, 600.00, 480.00	रु. 451423/- चार लाख इक्यावन हजार चार सौ तेईस मात्र	08-08-2025	11/11/2025
श्री रामबाबू यादव श्री अरविन्द यादव श्रीमती पान बाई यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10574410)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका पी.एच.एन. 17, खसरा संख्या 103 है, ग्राम खैराई, राघौगढ़, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473287 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 1800.00, 600.00, 750.00	रु. 403415/- चार लाख तीन हजार चार सौ पंद्रह मात्र	28-04-2025	11/11/2025
श्री जतिन यादव श्री बुल्ला बाई श्रीमती बिसेसुर डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10589226)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसका सर्वेक्षण क्रमांक 93, पीएच नं.17 है ग्राम तिनसई, तहसील शमशाबाद, जिला विदिशा, मध्य प्रदेश, भारत, 464111 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, अतिनिर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 2540.00, 996.00, 500.00, 796.00: सड़क	रु.280693/- दो लाख अस्सी हजार छह सौ तिरानवे मात्र	25-07-2025	10/11/2025
श्रीमती राधा घोसी श्री. अमित कुमार घोषी पवन राधा दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10622533)	पटवारी हल्का संख्या 31, ब्लॉक संख्या 87 (बी), प्लॉट संख्या 16 (पी) वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जो ग्राम अजुर्नी, तहसील केसली, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470235, भारत में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1646.00, 416.00, 332.00	रु.231200/- दो लाख इकतीस हजार दो सौ मात्र	11-08-2025	11/11/2025
श्री गौरीशंकर गजम श्री मौजीलाल गजम श्रीमती निर्मला गजम (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10712044)	पटवारी हल्का संख्या 30, खसरा संख्या 48/2, ग्राम पंचायत तेमनी, ग्राम कोसमी, तहसील बैतूल, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश, 460001, भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 900.00, 555.00, 400.00	रु.245908/- दो लाख पैंतालीस हजार नौ सौ आठ मात्र	12-08-2025	11/11/2025
श्री अपार वल सिंह लोधी श्रीमती रुक्मण लोधी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10744711)	पटवारी हल्का संख्या 28, मकान संख्या 60, वार्ड संख्या 1, खसरा संख्या 325, ग्राम खिरिया, तहसील बांदा, जिला सागर, मध्य प्रदेश, 470335, भारत में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 600.00, 600.00, 500.00	रु.398751/- तीन लाख अन्ठानवे हजार सात सौ इक्यावन मात्र	12-08-2025	11/11/2025
श्री बादल खंगार श्रीमती रीना कृषि (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10768717)	पीएच नं. 45, मकान संख्या 56, खसरा संख्या 115, ग्राम बमोरी, राजवास, सागर, मध्य प्रदेश, भारत, 470442 संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति का क्षेत्रफलः 538.00, 525.00	रु.236959/- दो लाख छत्तीस हजार नौ सौ उनसठ मात्र	16-07-2025	10/11/2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 183, प्रथम तल सोनी भवन, एमपी नगर, जोन II, भोपाल या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 14-11-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

गौमाता नंदनी को ग्रामीणों ने नम आंखों से दी विदाई

कलारा में फूलों से सजी अंतिम यात्रा को पूरे गांव में घुमाया

बैरसिया, 13 नवंबर. बैरसिया क्षेत्र के गांव कलारा में गुरुवार को ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसे देख मौजूद जनो की आंखें नम कर दी. मामला यह था कि कलारा ग्रामवासियों ने सात वर्ष पूर्व गौवंश नंदनी ओर नंदी की पूरे हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया गया था. उक्त गौवंश नंदनी की मृत्यु हो गई. इसकी खवर सुन समूचा कलारा गांव में मातम छा गया.

गांव के वरिष्ठ भाजपा नेता एव जनपद सदस्य घनश्याम शर्मा ने बताया कि लगभग सात साल पहले गांव कलारा सहित आसपास के गांव में बारिश नही होने से सूखा संकट से जूझ रहे थे. तब एक महात्मा ने सुझाव दिया था कि गौ माता का विवाह से यह सूखा संकट टल सकता है. ग्रामीणों ने आस्था के साथ गौवंश नंदी और नंदिनी का विवाह करवाया, जिसके बाद गांव में अच्छी वर्षा हुई और खुशहाली लौट आई.

इसके दो वर्ष बाद नंदी शांत हो गए थे. ग्रामीणों ने गोवंश नंदी का भी अंतिम संस्कार भी पूरे हिंदू रीति-रिवाजों से किया था. अब गौ माता नंदिनी ने प्राण त्याग दिए. तो गांव फिर एक बार शोकाकुल हो उठा. गौ माता की अंतिम यात्रा में गुनगा कलारा ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के लोग एकत्रित हो फूल-मालाओं से सजी एक ट्रॉली में गौ माता नंदिनी के शवयात्रा को पूरे गांव में घुमाया, साथ ही ढोल-नगाड़ों की थाप पर 'गौ माता की जय हो' के नारे लगाए.

लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें

भोपाल, 13 नवंबर. आयुक्त, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सौरभ कुमार सुमन ने गुरूवार को विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की. आयुक्त सुमन ने भोपाल स्थित विंध्याचल भवन में हुई बैठक में कहा कि लंबित शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण किया जाए. उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण के लिए सभी जिलों को पर्याप्त राशि आवंटित कर दी गई है, ऐसे में छात्रवृत्ति से जुड़ी परेशानियां और शिकायतें नहीं आनी चाहिए. सुमन ने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

दृष्टिबाधितों ने मिट्टी से बनाए कछुए

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में हुई प्रतियोगिता

भोपाल, 13 नवंबर. क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय ने गुरुवार 13 नवम्बर को दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए 'मिट्टी से प्राणी बनाने की प्रतियोगिता' का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में भोपाल के शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उ.मा. विद्यालय एवं नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के कुल24 विद्यार्थियों ने भाग लिया.

संग्रहालय की कार्यालय अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक-डी, डॉ. बीनिश रफत ने सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया और साथ ही डॉ. रफ़त ने बताया कि कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल के सदस्य विनय सप्रे; सेवानिवृत्त वरिष्ठ अनुदेशक, जवाहर बाल भवन, भोपाल, डॉ. अपर्णा आदि ने मॉडल का मूल्यांकन किया.

माँग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत माँग सूचना जारी की है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित माँग सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, ऋणी/ऋणकताओं को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि, माँग सूचना की तिथि से भुगतान की तिथि तक अतिरिक्त ब्याज सहित, चुका दें। ऋणी/ऋणकताओं का विवरण, माँग सूचना की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरक्षा राशि इस प्रकार है:-

उधारकर्ता/गारंटर का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण
श्रीमती उमीर्ला सातनकर श्री शिवदास सातनकर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10708059)	04-नवंबर-2025, रु. 321958/- (तीन लाख इक्कीस हजार नौ सौ अट्ठावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः भूमि क्षेत्रफल माप 753 वर्ग फुट पट्टा परमान पत्र संख्या 70/ए66/2015-16 पटवार हल्का संख्या 94 खसरा संख्या 97 ग्राम गंगापुर तहसील मुलताई जिला बैतूल मध्य प्रदेश क्षेत्र माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्रफल कालीन क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 753.00 557.00 410.00
श्री गोटूलाल यादव श्रीमती तारा यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10515815)	04-नवंबर-2025, रु. 362528/- (तीन लाख वासठ हजार पाँच सौ अट्ठाईस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः पटवार हलका संख्या 26 खसरा संख्या 252, क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट, ग्राम रूपापुर, तहसील इटारसी जिला होशंगाबाद, मध्य क्षेत्र प्रवेश (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_निर्मितक्षेत्रकारपेटक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1200.00 1100.00 880.00
श्री राममिलन विश्वकर्मा श्रीघनश्याम विश्वकर्मा श्रीमती रिंकी कुमारी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10574863)	04-नवंबर-2025, रु. 269792/- (दो लाख उनत्तर हजार सात सौ बानवे मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः पटवार हलका संख्या 07 वार्ड संख्या 03, प्लॉट संख्या 116, क्षेत्रफल 678 वर्ग फुट, ग्राम तरपोह, तहसील बराज, जिला शाहगढ़, मध्य प्रदेश, प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 678.00, 400.00, 320.00
श्री राजकुमार श्रीमती मणि (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10575978)	04-नवंबर-2025, रु. 305479/- (तीन लाख पाँच हजार चार सौ उन्यासी मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः पटवार हलका संख्या 91 खसरा संख्या 63 क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, ग्राम संगई तहसील और जिला विदिशा मध्य प्रदेश क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्रफल कारपेट क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00 823.00 640.00
श्रीमती रेखारानी श्रीमान कमलेश (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10678829)	04-नवंबर-2025, रु. 343664/- (तीन लाख तिरतालीस हजार छह सौ चौसठ मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः पटवार हलका संख्या 58 खसरा संख्या 569, क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट, ग्राम आगासिर, तहसील मालथौन, जिला सागर, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफलनिर्मितक्षेत्रफलकारपेटएरिया संपत्ति का क्षेत्रफलः 500.00 00 500.00
श्री राजेश कुशवाह श्रीमती सविता कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10693842)	04-नवंबर-2025, रु. 371755/- (तीन लाख इकत्तर हजार सात सौ पचपन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्साः भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, पी.एच.सं.23, पी.आर.के. 02, खसरा संख्या 413, मकान संख्या 713, गाँव म्याना तहसील. गुना, जिला गुना, मध्य प्रदेश क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 2400.00 00 611.00
श्री नीलेश चमार श्रीमती शोभा श्रीमती वन्दना अहीर युद्ध श्रीमती विनीता चमार (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10698144)	04-नवंबर-2025, रु. 273939/- (दो लाख तिहत्तर हजार नौ सौ उनचालीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्साः संपत्ति में शामिल खसरा संख्या 65/2, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, देवरी सागर में स्थित मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00, 692.00, 550.00
श्री प्रकाश श्री देवेंद्र जैन श्रीमती मीना जैन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10741002)	04-नवंबर-2025, रु.300457/- (तीन लाख चार सौ सत्तावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्साः फोन 04, मकान संख्या 304 वार्ड संख्या 06, बराठा गरम, बराठा, पोस्ट बराठा, शाहगढ़, शाहगढ़ पुलिस स्टेशन, सागर, मध्य प्रदेश, भारत 470339, प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, कारपेट क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्रः 900.00 00 900.00
श्री राकेश दर्शामकर श्रीमती माधवी दर्शामकर सहमत संस्कृति (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10807242)	04-नवंबर-2025, रु. 406313/- (चार लाख छह हजार तीन सौ तेरह मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः फोन नंबर 10, खसरा नंबर 196, 900 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली संपत्ति, ग्राम खोखरा रायट तह. शाहपुर, जिला बैतूल, मध्य प्रदेश-460001 में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल निर्मितक्षेत्रफल कालीनक्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00 777.00 500.00
श्री अजाव सिंह यादव श्री सुखनन्दन यादव श्रीमती जनकरानी यादव श्रीमती शारदा कृषि (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10898117)	04-नवंबर-2025, रु. 321437/- (तीन लाख इक्कीस हजार चार सौ सैंतीस मात्र)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः फोन 30, खसरा 212/2 ग्राम सेख सेमरा, पोस्ट निवार, तहसील बक्सवाहा, जिला छतरपुर, मध्य प्रदेश, भारत 471515 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 4800.00, 3000.00, 2500.00
श्री संतोष यादव सुश्री नीतू यादव ट्रेवल्स (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10923580)	04-नवंबर-2025, रु. 305051/- (तीन लाख पाँच हजार इक्यावन मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्साः मकान संख्या 16, खसरा संख्या 93 क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, ग्राम बजरवाड़ा, बाबई में स्थित होशंगाबाद, मध्य प्रदेश 461331, प्रवेश क्षेत्र (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि_निर्मितक्षेत्र कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00 405.00 337.50
श्री वीरेन्द्र जाटव श्रीमती जया बाई जाटव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10497416)	04/11/2025, रु. 221604/- (दो लाख इक्कीस हजार छह सौ चार मात्र)	संपत्ति का वह पूरा हिस्साः पटवार हल्का संख्या 52, खसरा संख्या 22/1, क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट, ग्राम सिंगारपुर, गुना, मध्य प्रदेश में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कारपेट एरिया, संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00, 850.00, 680.00

यदि उक्त उधारकर्ता आईआईएफएल एचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत, पूरी तरह से उधारकताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: F249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, पाल-462011 /आईआईएफएल गोल्ड लोन, मीनाक्षी स्क्वायर, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, रिलैक्सो शोरूम के ऊपर, होशंगाबाद-461001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टॉवर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 14.11.2025

एसडी/-
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए प्राधिकृत अधिकारी

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति, भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट)

रा.व.अनु. एवं प्रशि.सं. परिसर, विधानसभा के पास, बलौदा बाजार रोड जीरो पाइंट, रायपुर छ.ग.-493111

दूरभाष: 0771-2283249

वेबसाइट: www.cgcert.com, ई-मेल: cgcert@gmail.com

पत्र क्रमांक/सीजीसर्ट/164/03 — रायपुर, दिनांक 12/11/2025

प्रबंधन, निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजना कार्य हेतु अनुबंध अंतर्गत विज्ञापन की सूचना

छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) एक जैविक प्रमाणीकरण संस्था है, जो राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एन.पी.ओ.पी.) अंतर्गत राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एन.ए.बी.) नई दिल्ली से प्रत्यायित है. संस्था में प्रबंधन, निरीक्षण, मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण परियोजना कार्य हेतु अनुबंध अंतर्गत मैनेजर, फील्ड इंस्पेक्टर,, सहायक मूल्यांकनकर्ता, डिप्टी फील्ड इंस्पेक्टर, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा सहायक ग्रेड-3 के पदों पर आगामी 06 माह हेतु अनुबंध आधारित प्रमाणीकरण परियोजनाओं में आवश्यकतानुसार कार्यों के संपादन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया गया है. इच्छुक योग्य अभ्यर्थी संस्था की वेबसाइट www.cgcert.com का अवलोकन कर निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 26/11/2025 को सायं 5.00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ प्रमाणीकरण समिति भारत
वानिकी एवं कृषि (सीजीसर्ट) रायपुर, छत्तीसगढ़

45906/3

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.)

लोक निर्माण विभाग, वि./यां. संभाग क्र.-2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक भोपाल म.प्र.

निविदा सूचना

सूचना प्रकाशन क्रमांक 23/व.ले.लि./2025-26 — भोपाल, दिनांक 7/11/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि	धरोहर राशि	निविदा राशि
1.	2025_PWDRB_461505_1	41/SAC/2025-26	प्रोवाइडिंग पोल शिफ्टिंग एवं हाइट रेसिंग ऑफ 33 के.व्ही., 11 के.व्ही, एलटी लाइन एवं डीटीआर एस/एस अहिंसा द्वार से एनएच 52 इन ब्यावरा अंतर्गत वि./यां. उपसंभाग राजगढ़ जिला राजगढ़	प्रथम आमंत्रण	4235658.00	50000.00	5000.00
2.	2025_PWDRB_461506_1	42/SAC/2025-26	शिफ्टिंग डिसमेटलिंक ऑफ एलटी एवं 11 के.व्ही. लाइन फ्राम पीएमएएसवाय जंक्शन से बहलोत सुमेर बाबा दरगाह रोड (4.50 कि.मी.) जिला विदिशा	प्रथम आमंत्रण	1555084.00	31102.00	2000.00
			योग		5790742.00		

नोट:- निविदा विक्रय दिनांक 10/11/2025 प्रातः 10.30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 28/11/2025 सायं 5.30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करना है. निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (वि./यां.) संभाग क्र. 2, भोपाल

G21353/25

कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश निर्वाचन सदन, 17, अरेरा हिल्स, भोपाल

दूरभाष (कार्या.): 0755-2550488, 2550412, 2570414, 2446602, फैक्स: 0755-2555162

फा.क्र.26/स्टोर/2025/5802 — भोपाल, दिनांक 11/11/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालयीन भवन की साफ-सफाई एवं सुरक्षा इत्यादि कार्य के लिए मेनपॉवर व्यवस्था हेतु 12 माह (01 वर्ष) की अवधि के लिए ई-निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं.

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की गई है. इच्छुक निविदाकर्ता उपरोक्त ई-निविदा की वेबसाइट के माध्यम सेनिविदा प्रपत्र राशि रुपए 1,000/- (रुपए एक हजार मात्र) कर अतिरिक्त निर्धारित फीस ऑनलाइन भुगतान कर नियम/ शर्तों केतहत ई-निविदा भरने की कार्यवाही अन्तिम तिथि से पूर्व कर सकते हैं.

कार्य का नाम	कार्यालयीन भवन की साफ-सफाई एवं सुरक्षा हेतु ई-निविदा आमंत्रित करने के संबंध में		
निविदा का अनुमानित मूल्य	रु. 30,00,000/- (रु. तीस लाख मात्र)		
कार्य की समयावधि	12 माह		
निविदा की प्रतिभूति (EMD)	रु. 90,000/- (रु. नब्बे हजार मात्र)		
Published Date	12/11/2025	Bid Opening Date	05/12/2025
Document Download/ Sale Start Date	12/11/2025	Document Download/ Sale Closing Date	04/12/2025
Bid Submission Start Date	12/11/2025	Bid Submiddion Closing Date	04/12/2025

- निविदा प्रपत्र राशि 1,000/- (कर अतिरिक्त) एवं निविदा की प्रतिभूति राशि 90,000/- ऑनलाइन मध्यप्रदेश टेंडर के पोर्टल वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर जमा किया जाना है.
- चेकलिस्ट अनुसार दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें.
- शपथ पत्र प्रस्तुत करें.
- निविदा से संबंधित संशोधन एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ही उपलब्ध कराई जावेगी.

(सुरभि तिवारी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश

G21367/25